भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2721 का उत्तर

झुंझुनू-सीकर रेल समपार पर पुल का निर्माण

2721. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि झुंझुनू-सीकर राज्य राजमार्ग संख्या-8 पर रेल समपार संख्या-265 पर पुल का निर्माण राज्य सरकार और रेलवे के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है;

(ख) क्या रेलवे के हिस्से की धनराशि की अनुपलब्धता के कारण उक्त पुल का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है और यदि हां, तो यह कार्य कब से बंद पड़ा है;

(ग) क्या सरकार का हिस्सेदारी जारी कर इस कार्य को पुनः शुरू करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक पुनः शुरू किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ) 2016-17 में सीकर-लोहारू खंड पर समपार संख्या 265 के स्थान पर दो लेन आरओबी के निर्माण का कार्य लागत साझा आधार पर स्वीकृत किया गया था। यह कार्य राजस्थान सरकार द्वारा एकल संस्था आधार पर निष्पादित किया जा रहा है। रेलवे द्वारा कार्य की प्रगति के अनुरूप धनराशि जारी की गई है।

2020-21 के दौरान, राजस्थान राज्य सरकार ने दो लेन आरओबी के बजाय चार लेन आरओबी का निर्माण करने की इच्छा व्यक्त की थी। चार लेन वाले ऊपरी सड़क पुल के लिए संशोधित अनुमान राज्य सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है।

*****